च्यवन गौड ब्राह्मण समाज की 251 प्रतिभाएं सम्मानित

मालपुरा में च्यवन गौड ब्राह्मण समाज की 251 प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र सौंपे।

■ पाणीग्रहण संस्कार दिन में आयोजित करने व मृत्यूभोज को सीमित कर फिजुल खर्ची की रोकथाम का संकल्प लिया

मालपुरा (निस) अखिल भारतीय आम चौरासी च्यवन गौड ब्राह्मण महासभा समिति द्वारा रविवार को डिग्गी स्थित महर्षि च्यवन ऋषि सेवा सदन मे प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह मे समाज की 251 प्रतिभाओं को सम्मानित कर मृत्यू भोज व शादी समारोह मे फिजुल खर्च को कम कर रात के अजाय दिन मे सूर्य की साक्षी मे पाणीग्रहण संस्कार करवाये जाने का लिया संकल्प। समारोह मे जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि व प्रतिनिधि राधा देवी चौधरी,समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र तिवाडी, भगवान सहाय शर्मा, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अमित कुमार शर्मा उपप्रबंधक करेंसी नोट प्रेस नासिक महाराष्ट्र, अवधेश शर्मा संभागीय मैनेजर परिवहन निगम जयपुर, डॉ. अल्पना तिवाडी दिल्ली,विजयलक्ष्मी तिवाडी सीआर कोटा,प्रबोध मोदी पूर्व पालिका अध्यक्ष कपासन,रूपकलां शर्मा डीआर,नहुस व्यास, डॉ.पीयूष जोशी,अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक महावीर प्रसाद शर्मा सहित सम्मानित अतिथियो ने महर्षि च्यवन ऋषि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लित कर समारोह का शुभारम्भ किया। राष्ट्रीय अयध्यक्ष राजेन्द्र तिवाडी ने हजारो की संख्या मे मौजूद समाज बंधुओ व प्रतिभाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि समाज मे मृत्यू भोज को सीमित कर पैरावणी मे वस्त्र के बजाय लिफाफा प्रथा से फिजुल खर्ची पर रोक लगाई जा सकती है साथ ही हिन्दु संस्कृति मे वैद व शास्त्रो के अनुसार रात के बजाय सूर्य की साक्षी मे पाणीग्रहण संस्कार शुरू करे। तिवाडी ने बताया कि जल्द ही समाज द्वारा गांव मे डिजिटल लाईब्रेरी स्थापित करना व जयपुर मे छात्रावास निर्माण के लिये जमीन आवेदन करने की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बडी योजना है। सभी वक्ताओं ने समय की मांग को देखते हुये बालिका शिक्षा को बढावा देने व गांव मे छुपी प्रतिभाओं को आगे बढाने पर जोर दिया। कार्यक्रम संयोजक रामराय कांदला व गिर्राज व्यास एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह मे कक्षा 1० की 51, कक्षा 12 की 78, उच्च शिक्षा श्रेणी के 52,खेल के क्षैत्र मे 18, केन्द्र व राज्य की राजकीय सेवा मे चयनित होने वाले 26 जनो सहित कुल 251 प्रतिभाओं व भामाशाहाओं का किया गया सम्मान। समान की सुची मे सात ऐसे व्यक्तियो का भी किया गया जो प्रतिवर्ष 4० करोड 7० लाख रूपये सरकार को टैक्स के रूप मे देते है। समाज के मंच पर सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं ने 9० प्रतिशत प्रतिभाऐं किसान परिवार से शामिल थी।

शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरुरत : रामसहाय वर्मा

निवाई। अखिल भारतीय रैगर महासभा एवं रैगर अनुसूचित जाति उत्थान समिति के तत्वावधान में नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट में चयनित खुशबू कंवरिया का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

रैगर अनुसूचित जाति उत्थान सभा के महासभा के संरक्षक रामगोपाल सेवलिया व तहसील अध्यक्ष मास्टर मदनलाल वर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में नव वर्ष में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा के सानिध्य में समाज के पदाधिकारियों ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित खुशबू कंवरिया का सम्मान किया। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित खुशबू कंवरिया को जुलूस के रूप में कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि यह खुशी की बात है कि समाज की बेटी ने समाज के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। सर्व समाज में महिला शिक्षा पर हमें विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। जिले में रैगर समाज से एक मात्र बेटी खुशबू ने अपने कठिन प्रयास से अपने सपनों को साकार किया है। समाज के भामाशाहों को शिक्षा के लिए प्रयास करना चाहिए। न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित खुशबू ने कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मेरी मां ने मुझे हर क्षेत्र में अपना योगदान दिया है। समाज में पढने वाली महिला शक्ति से आ ान करती हूं कि अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहे। इस दौरान समाज के प्रमुख भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शंकर हाथीवाल, अखिल भारतीय रैगर महासभा तहसील अध्यक्ष बाबूलाल कंवरिया, अखिल भारतीय रैगर महासभा देहात अध्यक्ष बबलेश, पार्षद संजय रैगर, रामगोपाल सेवलिया, अंकुर सालोदिया, मदनलाल, भागचंद रैगर, हीरालाल सालोदिया, डॉ धर्मेंद्र वर्मा व नारायण लाल सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

बड़ा हादसा टला

पावटा। विराटनगर कस्बे के बस स्टैंड पर शनिवार देर शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बिजली ग्रेड की ओर से आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और बस स्टैंड पर खड़ी मोटरसाइकिल, एक ठेले, और एक अन्य कार को टक्कर मारती हुई पास की एक दुकान की सीढ़ियों पर जाकर रुकी। टक्कर के प्रभाव से कार का टायर फट गया, जिससे धमाके की आवाज सुनकर आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर विराटनगर थाना पुलिस हेड कांस्टेबल धर्मपाल चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, कार ने पहले बस स्टैंड पर खड़ी एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, फिर पतासी के ठेले और आगे खड़ी एक अन्य कार से टकराई।

टोंक में नाटक का मंचन

■ नए वर्ष के शुरुआत के साथ साथ अब शहर में नए युवा निर्देशकों के द्वारा देश में किए जा रहे नए प्रयोग

टोंक। नए वर्ष के शुरुआत के साथ साथ अब शहर में नए युवा निर्देशकों के द्वारा देश में किए जा रहे नए प्रयोग, नई नाट्य प्रस्तुतियां टोंक में दर्शकों को देखने को मिलेगी। जिसकी शुरुआत एक्स्ट्रा एन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में कम्युनिटी थिएटर टोंक द्वारा जयपुर की युवा रंगकर्मी, नाट्य निर्देशक मूमल तंवर के निर्देशन में नाटक "प्लेन पेजेज ऑफ हाउसवाइव्फ" से नव वर्ष की शुरुआत की गई। "प्लेन पेजेज ऑफ हाउस वाइव्स" का मंचन एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो, कृषि मंडी के सामने किया गया। नाटक में मंच पर शुभम अमेटा, शुभम सोयल, गौरव कुमार, कमलेश बैरवा, समीर बादल, जानवी जारेडा, मनीषा शेखावत, अभिषेक विजय, दिया जोशी, पल्लवी शर्मा, रेया माथुर, विशाल जग्रवाल, यामिनी सैन, गौतम गुप्ता, विपिन जांगिड़ ने अपने अभिनय से दर्शकों को गुदगुदाया भी और सोचने को मजबूर किया। वहीं कम्युनिटी थिएटर आयोजक समूह में अमन तसेरा, आशीष धाप, यशवंत सैनी, चितरंजन नामा, रामरतन गुगलिया, मोहित वैष्णव, आशीष चावला, शुभम मेघवंशी, रायना रजक, आफताब नूर, ऋतुराज गौतम, राजकुमार रजक, गर्वित गिदवानी आदि शामिल रहे।

सांभर पहुंचे दरगाह दीवान

सांभर में रविवार से ख्वाजा साहब का उर्स शुरू हुआ।

सांभरझील, (निसं)। सांभर में रविवार से ख्वाजा साहब का उर्स शुरू हुआ जो आगामी 15 जनवरी तक चलेगा। उर्स की रस्में अदा करने दरगाह दीवान के उत्तराधिकारी सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती सांभर पहुँचे, जहां उनका जगह-जगह इस्तकबाल किया गया। इस दौरान उनकी सदारत में दरगाह में तीन दिन तक महफ़िल होगी और वह अपने हाथों से तीन दिन तक मज़ार मुबारक को गुस्ल देंगे। सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती की सदारत में चाँद की 13 रजब (14 जनवरी) को चादर का जुलूस पूरे शहर के प्रमुख चौराहे पर होते हुए गुजरेगा फिर बाद नमाज़ असर मज़ार मुबारक पर चादर पेश की जाएगी। दीवान के सचिव एसए चिश्ती ने बताया की चाँद की 14 (15 जनवरी) को 11.30 बजे कुल की महफ़िल होगी ।बाद नमाज़ असर अस्ताने में कुल की फ़ातिहा होगी और विशेष दुआ के साथ उर्स का समापन होगा ।

100 छात्राओं को वितरित की जर्सियां

निवाई । राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय झिलाय में 100 छात्राओं को विद्यालय के सदस्यों व शिक्षकों द्वारा जर्सियां वितरित की गई। प्रधानाचार्य सांवरमल जाट ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों व सदस्यों ने एक नवाचार करते हुए एवं सर्दी की अधिकता को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्तर तक सभी 81 बालिकाओं व उच्च कक्षाओं में जरूरतमंद 20 छात्राओं को जर्सियां वितरित की गई। जर्सियां पाकर छात्राओं के चेहरों पर खशी की लहर दौड गई। कार्यक्रम श्री रमेश जैन, महावीर, कैलाश, शंकर, संतोष, सुमन, चंद्रप्रकाश, संतरा, धर्मेंद्र, मनीषा, रश्मि व गणपत के आर्थिक सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सांवरमल जाट द्वारा सभी भामाशाह शिक्षकों और सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय के भामाशाह प्रहलादलाल जाट ने सभी छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यक्रम के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

अन्नकूट महोत्सव में उमड़े भक्त

बरसात एवं प्रतिकूल मौसम के बाद भी विशाल अन्नकूट का आयोजन किया।

राजगढ़ । बरसात एवं प्रतिकूल मौसम के बाद भी विशाल अन्नकूट आयोजन के कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ। इसके चलते हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन कस्बे के बस स्टैंड स्थित भेरूजी मंदिर पर रविवार कोकिया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भविष्य सजावट एवं झांकी सजाई गई।

बस स्टैंड के आसपास के ईस्ट मित्रों के सहयोग से शनिवार रात्रि से कढ़ी बाजरा एवं सब्जी सहित अन्य व्यंजन बनाने का काम शुरू हुआ। इस दौरान युवाओं की टीम ने प्रसादी ग्रहण करने वाले लोगों को प्रसादी वितरण में भरपूर सहयोग किया। नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया अन्य पार्षदों के साथ प्रमुख लोगों ने अन्नकूट महोत्सव में प्रसादी ग्रहण कर लाभ कमाया।

राजू जाट अध्यक्ष नियुक्त

कोटपूतली। स्थानीय एसी आरओ वॉटर एसोसिएट्स कार्यकारिणी की बैठक रविवार को आलोक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें एक वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर पौषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर राजू जाट, संरक्षक पद पर आलोक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पद पर मोनू कुमावत, महासचिव बिल्लूराम सैनी, सचिव सोमदत्त जांगिड़, कोषाध्यक्ष दिनेश सैनी, मीडिया प्रभारी विजय गेट, मंत्री नवीन जांगिड़, सदस्य धोलाराम सैनी, महेंद्र सैनी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, भवानी शंकर सैनी, फूलचंद बोयत, रामपाल सैनी, कृष्ण कुमार सैनी, जितेंद्र कुमार सैनी, मनीष सैनी, भूपेंद्र कुमावत, विशाल सैनी, जितेंद्र कुमावत, जयसिंह कुमावत, मोनू प्रजापत, विजय शर्मा, कमलेश सैनी, हंसराज सैनी, भीम सिंह, सुगन सैनी, महेंद्र प्रजापत समेत अन्य मौजूद रहे।

नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र

■ जिले के 230 नवनियुक्त कार्मिकों ने राज्य सरकार का जताया आभार

कोटपूतली । जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सोंपे, जिले के 230 नवनियुक्त कार्मिकों ने राज्य सरकार का आभार जताया । आज मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत कोटपूतली में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नए कार्मिकों से संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस मौके पर कोटपूतली-बहरोड़ जिले के 230 नवचयनित सरकारी कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए गए।

नवकार्मिकों को कार्यक्रम में वेलकम किट देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत रविवार को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के 13 हजार से अधिक नवचयनित सरकारी कार्मिकों से संवाद किया।

कोटपूतली के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार कक्ष में हुए रोजगार उत्सव में राजस्व, उपनिवेशन, एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने नवकार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए। जिला स्तरीय कार्यक्रम मे 230 से अधिक नवचयनित कार्मिक मौजूद रहे। इनमें वित्त विभाग से 119, चिकित्सा विभाग से 92, राजस्व विभाग से 07, शिक्षा विभाग से 10, संस्कृत शिक्षा से 02, आदि विभागों के कार्मिक शामिल रहे। नवकर्मिकों के पंजीकरण के लिए अलग से डेस्क स्थापित की गई तथा सभी कार्मिकों पंजीकरण के बाद उन्हें वेलकम किट दी गई। इस किट में मुख्यमंत्री का संदेश, लोकसेवक के कर्त्तव्य, दायित्व और अपेक्षाओं के वर्णन वाली पुस्तकें दी गईं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरी व 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार सहित कुल 10 लाख रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। इसी दिशा में राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करवाने के साथ ही, कौशल और उद्यमिता विकास के माध्यम से संकल्प की सिद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

नाम परिवर्तन

मैं राकेश कुमार कुमावत पुत्र रामेश्वर लाल कुमावत जाति कुमावत निवासी मोहनपुरा बालाजी कि. रेनवाल तह. कि. रेनवाल का रहने वाला हूं। मेरी पुत्री भूमिका कुमावत का आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र में भूमिका कुमावत नाम दर्ज है जो सही है। लेकिन अंक तालिका में भूलवश उसका नाम भूमिका दर्ज हो गया, जो गलत है। अत: भविष्य में इसे भूमिका कुमावत के नाम से ही जाना जावे।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल (1) श्रीमती प्रियंका शर्मा पत्नी श्री आशीष शर्मा तथा (2) श्री आशीष शर्मा पुत्र श्री कृजकिशोर शर्मा, निवासीगण 40, राजमार्ग, छत्रसाल नगर, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) एक अचल सम्पति आवासीय प्लाट नम्बर 15, सिद्धार्थ नगर- जी, मालवीय नगर,जयपुर, (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 194.44 वर्गगज है मय सम्पूर्ण निर्माण सहित को जो कि उक्त अचल सम्पति का सर्वप्रथम पट्टा विलेख संख्या 4636 दिनांकित 27.09.2013 को जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा श्रीमती कमलेश लूथरा पत्नी श्री रामप्रकाश लूथरा के पक्ष मे जारी किया गया था, उक्त पट्टा विलेख कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम के यहां 30.09.2013 क्रम संख्या 2013051015169 पर पंजीबद्ध किया हुआ है तत्पश्चात् श्रीमती कमलेश लूथरा पत्नी श्री रामप्रकाश लूथरा का स्वर्गवास दिनांक 16.10.2022 को हो गया तथा उनके पति श्री रामप्रकाश लूथरा पुत्र श्री सूरजनमल लूथरा का स्वर्गवास दिनांक 02.05.2021 को हो चुका है इस प्रकार श्रीमती कमलेश लूथरा पत्नी श्री रामप्रकाश लूथरा के द्वारा छोड़ी गई उक्त निर्वसियत अचल सम्पति के हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अनुसार चार पुत्र क्रमश: (1) श्री संजीव लूथरा (2) श्री राजीव लूथरा (3) श्री पंकज लूथरा तथा (4) श्री सुरेन्द्र लूथरा पुत्रान श्री रामप्रकाश लूथरा सयुक्त रूप से प्रत्येक 1/4 - 1/4 अविभाजित हिस्से के मालिक स्वामी एवं काबिज हुए तत्पश्चात् (1) श्री संजीव लूथरा (2) श्री राजीव लूथरा तथा (3) श्री पंकज लूथरा पुत्रान श्री रामप्रकाश लूथरा ने उक्त अचल सम्पति मे अपनी माताजी श्रीमती कमलेश लूथरा के हिस्से से प्राप्त हुए स्वयं के अपने अपने अविभाजित हिस्से का हकत्याग पत्र दिनांकित 13.11.2024 निष्पादित करते हुए अपने सगे भाई श्री सुरेन्द्र लूथरा पुत्र स्वर्गीय श्री रामप्रकाश लूथरा के पक्ष मे हक त्याग कर दिया जोकि उक्त हकत्याग पत्र दिनांक 13.11.2024 को कार्यालय उप पंजीयक जयपुर सम्तभ के यहां क्रम संख्या 202403021125307 पर पंजीबद्ध किया गया है इस प्रकार श्री सुरेन्द्र लूथरा पुत्र स्वर्गीय श्री रामप्रकाश लूथरा उक्त अचल सम्पति के एकमात्र मालिक, स्वामी एवं काबिज हुए, उक्त श्री सुरेन्द्र लूथरा पुत्र स्वर्गीय श्री रामप्रकाश लूथरा, निवासी प्लाट नम्बर 47, महिमा सिटी, जगतपुरा, ग्राम मुरलीपुरा, जयपुर (राज.) से मेरे मुवक्किल उक्त अचल सम्पति खरीद करना चाहते है। उक्त सम्पति को खरीद करने हेतु मेरे मुवक्किल एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पति को बंधक रखना चाहते है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय समूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात् आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरुद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी। श्याम सुंदर चावला एडवोकेट 9829218044

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह आयोजित

टोंक में रविवार को शहर में पुण्यश्लोक लोक माता अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह के अंतर्गत मातृशक्ति सम्मेलन संपन्न हुआ।

■ सम्मेलन में 1500 महिलाओं ने स्वयं को अहिल्या बाई मानकर भाग लिया, कार्यक्रम में अहिल्या बाई के जीवन चरित्र पर लघु नाटिका का मंचन हुआ तथा शस्त्र संचालन का प्रदर्शन किया

टोंक। रविवार को शहर में पुण्यश्लोक लोक माता अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह के अंतर्गत मातृशक्ति सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में 1500 महिलाओं ने स्वयं को अहिल्या बाई मानकर भाग लिया, कार्यक्रम में अहिल्या बाई के जीवन चरित्र पर लघु नाटिका का मंचन हुआ तथा शस्त्र संचालन का प्रदर्शन किया गया।

विभाग प्रचार प्रमुख महेन्द्र विजय ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करणानी ने नारी को प्रथम पूज्य तथा शक्ति स्वरूपा बताकर आव्हान किया कि समाज की सर्वांगीण उन्नति के साथ सनातन संस्कारों के साथ जोड़े रखने का प्रयत्न करना चाहिए क्योंकि सनातन के संस्कार ही नारी को सम्मान देते हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय टोंक की प्राचार्य डॉ. सुलोचना मीणा रही। सम्मेलन के मुख्य वक्ता जयपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने बताया कि राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक युग में मातृशक्ति का ही प्रमुख योगदान रहा है। भारत के बाहर से आए हुए अन्य मत पंथों ने नारी को भोग की वस्तु माना है, जबकि भारतीय संस्कृति में नारी सदा से पूजनीय रही है। नारी साक्षात शक्ति का स्वरूप रही है। इसके उदाहरण स्वरूप मां दुर्गा, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, झलकारी बाई लोक माता अहिल्या बाई रही है। अंत में नगर संघ चालक दिनेश बुंदेल ने आने वाले अतिथियों का आभार प्रकट कर वंदे मातरम गायन के साथ सम्मेलन का समापन किया।

कार्यालय नगरपरिषद, करौली राज.

क्रमांक:-3421 दिनांक: 10.01.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण एवं हितधारकों को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकान द्वारा पट्टा नामान्तरण/हस्तानान्तरण/उपविभाजन तथा भवन निर्माण स्वीकृति हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है।

अत: कोई व्यक्ति/संस्था/हितधारक उक्त पत्रावलियों/दस्तावेजों का अवलोकन करना चाहे अथवा कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तथा किसी भी आवेदक की पत्रावली के संबंध में कोई जानकारी चाहते हो, वह अन्दर अवधि 07 योम/दिवस लिखित रूप में अपनी आपत्ति/उज्र इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है, वाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति स्वीकार/समाहित नही की जावेगी तथा पट्टा नामान्तरण/हस्तानान्तरण/उपविभाजन तथा भवन निर्माण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

पट्टा नामान्तनरण/हस्तांतरण/उपविभाजन

क्र. सं.	नाम आवेदक	खसरा नं.	भू. सं.	पट्टा संख्या	मूल/प्रारंभिक पट्टाधारी का नाम	साईज (वर्गगज)
1	श्रीमति हरप्यारी पत्नि श्री लोहरे	4663	04	992/2012	श्री किन्दूरी लाल जागा पुत्र श्री मोतीलाल जागा	177.5
2	श्रीमति मीरा देवी पत्नि श्री चतुर्भुज शर्मा	5621	-	526/1989	श्री लच्छीलाल शर्मा पुत्र श्री छोटूराम शर्मा	200
3	श्रीमति रामेश्वरी पत्नि श्री हेमराज	5621	10A	283/1985	श्री मुरारीलाल शर्मा पुत्र श्री किशोरीराम	87.50
4	श्रीमति अनीता पत्नि श्री देवेन्द्र शर्मा	5621	9A	283/1985	श्री मुरारीलाल शर्मा पुत्र श्री किशोरीराम	87.50
5	श्री सियाराम माली पुत्र श्री रामफूल माली	5642	08	596/90	श्री किरोडी महाजन पुत्र श्री रामजीलाल	20
6	श्री रमेशचंद गुप्ता पुत्र श्री रामजीलाल गुप्ता	5624	-	314/86	श्री मुरारीलाल गुप्ता पुत्र श्री जौहरीलाल गुप्ता	166.66
7	श्रीमति कलावती चतुर्वेदी पत्नि श्री उमेश चतुर्वेदी	6628	34	1111 /2012	श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री ओमप्रकाश शर्मा	151.66
8	श्री मुकेश विश्वकर्मा पुत्र श्री गेंदालाल विश्वकर्मा	8296	59	941/2010	श्रीमति पिंकी धोबी पत्नि डालचंद धोबी	130
9	श्रीमति उमा देवी शर्मा पत्नि श्री गोपाललाल शर्मा	5635	38, 38/1	1320 /2023	श्रीमति विन्ध्येश चतुर्वेदी पत्नि श्री मनोज कुमार चतुर्वेदी	101.52
10	श्रीमति पुष्पा देवी पत्नि श्री महेश प्रजापत	846-851, 871, 876, 878-881	23	LD/KRLI/ 2023-24/ 168441/ 2023	श्री गंगाराम पुत्र श्री चंदन माली	101.66
11	श्री दिनेश गिरी पुत्र श्री लक्ष्मण गिरी	846-851, 871, 876, 878-881	95	LD/KRLI/ 2023-24/ 168441/ 2023	श्री पप्पू पुत्र छोटेलाल	106.66
12	श्री रोहिताश कुमार मीना पुत्र श्री उंकारलाल मीना	5714	08	LD/KRLI/ 2023-24/ 168441/ 2023	श्री देवांश सिंघल पुत्र महेशचंद सिंघल	226.80

भवन निर्माण स्वीकृति

क्र.	नाम आवेदक	खसरा नं.	भू.सं	साईज (वर्गगज/वर्गमीटर)
01	श्री चन्द्रप्रकाश गुप्ता पुत्र श्री गयाजीतलाल गुप्ता	7258	07	133.33

आयुक्त
नगरपरिषद, करौली